(पृष्ठ 14 का शेष)

(अनुपमा चक्रवर्ती)
उप सचिव (सेवाएं)

EN 30/19

(हरलीन कौर)
सचिव (सेवाएं)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फाइल संख्या: ए-35020/4/2023-स्थापना (कं.सं. 3840)

भारत सरकार /Government of India

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान
Institute of Secretariat Training & Management

(एक आईएसओ 9001:2015 संस्था / An ISO 9001:2015 Institution)

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/ Department of Personnel & Training

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय/ Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर विभिन्न संकाय पदों को भरा जाना-संबंधी.

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान में निम्नलिखित संकाय पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. पदों के विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्ति संख्या	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत वेतन लेवल	पात्र वर्ग
(i)	संयुक्त निदेशक (परिभ्रामी प्रशिक्षण)	01	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-12 (रु. 78800-209200)	केंद्र सरकार में कार्यरत अधिकारी.
(ii)	उप निदेशक (अर्थशास्त्र एवं नियोजन)	01	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-11 (रु. 67700- 208700)	केंद्र सरकार या राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा स्वायत्त या सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी.

2. नियुक्त किए जाने पर अधिकारी या तो "प्रतिनियुक्त पद का वेतन" अथवा उसके "मूल विभाग/संवर्ग में प्राप्त मूल वेतन" और समय-समय पर भारत सरकार द्वारा मूल वेतन पर निर्धारित किए गए दर के अनुसार "उस पर प्रशिक्षण भत्ता" प्राप्त करने के/की हकदार होंगे/होंगी. (वर्तमान में प्रशिक्षण भत्ता की दर 12% है.)

3. पात्रता शर्तों के विवरण और निर्धारित प्रोफॉर्मा जिसमें आवेदन भेजे जाने चाहिए, स.प्र.प्र.सं. की वेबसाइट: **https://www.istm.gov.in/home/other circular** से डाउनलोड किए जा सकते हैं.

4. केवल उन्हीं अधिकारियों/आवेदनकर्ताओं के आवेदनों पर विचार किया जाएगा. जिनके आवेदन उचित माध्यम (चैनल) द्वारा प्रेषित किए जाएंगे और जिनके साथ (i) विवरणों से युक्त रिक्ति परिपत्र के **अनुलग्नक-II (क), (ख)** में विहित प्रोफॉर्मा प्रारूप में जीवनवृत्त (बायोडाटा) (चार प्रतियों में), (ii) संवर्ग अनापत्ति, (iii) सतर्कता अनापत्ति तथा (iv) पांच वर्षों की सत्यापित वार्षिक कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट भेजी जाएंगी.

5. उपयुक्त और पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन होने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन **श्री राम भगत कुशवाहा, अवर सचिव (आईएसटीएम अनुभाग), प्रशिक्षण प्रभाग, ब्लॉक-IV, तृतीय तल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (पुराना) परिसर, नई दिल्ली-110067 को एम्प्लॉयमेंट न्यूज / रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भिजवा दिए जाएं.**

EN 30/9

फाइल संख्या: ए-35020/4/2023-स्थापना-(कं.सं. 3840)

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान
INSTITUTE OF SECRETARIAT TRAINING & MANAGEMENT
(एक आईएसओ9001:2015 संस्था / AN ISO 9001:2015 INSTITUTION)
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग / DEPARTMENT OF PERSONNEL & TRAINING
कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय / MINISTRY OF PERSONNEL PUBLIC GRIEVANCES & PENSIONS

दिनांक: इंप्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में प्रकाशित होने के अनुसार

सेवा में (डीओपीटी और आईएसटीएम के वेबसाइट/ई-मेल के माध्यम से)

1. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
   (मानक सूची के अनुसार)
2. मुख्य सचिव, सभी राज्य सरकार तथा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/विश्वविद्यालय
   (मानक सूची के अनुसार)
3. प्रमुख, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू)/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान अथवा विश्वविद्यालय या अर्ध-सरकारी अथवा सांविधिक या स्वायत्त संगठन

विषय: सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति आधार पर विभिन्न संकाय पदों को भरा जाना-संबंधी।

महोदया/महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) जो कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार (जीओआई), नई दिल्ली के अधीन एक केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान है, निम्नलिखित संकाय पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव रखता है। पदों से जुड़े विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्ति संख्या	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत वेतन लेवल	पात्र वर्ग
(i)	संयुक्त निदेशक (परिश्रामी प्रशिक्षण)	01	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-12 (₹78800-₹209200)	केंद्र सरकार में कार्यरत अधिकारी।
(ii)	उप निदेशक (अर्थशास्त्र एवं नियोजन)	01	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-11 (₹67700-₹208700)	केंद्र सरकार या राज्य सरकारों अथवा संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों या विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा स्वायत्त या सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी।

2. नियुक्ति पर अधिकारी या तो "प्रतिनियुक्त पद का वेतन" अथवा उसके "मूल विभाग/संवर्ग में प्राप्त मूल वेतन" और समय-समय पर भारत सरकार द्वारा मूल वेतन पर निर्धारित किए गए दर के अनुसार "उस पर प्रशिक्षण भत्ता" प्राप्त करने के/की हकदार होंगे/होंगी। (वर्तमान में प्रशिक्षण भत्ता 12% है।) पदों के लिए अपेक्षित पात्रता शर्तें, अर्हताएं और अनुभव तथा अन्य विवरण अनुलग्नक-I (क), (ख) में दिए गए हैं।

3. अनुरोध है कि उपयुक्त और पात्र तथा ऐसे अधिकारी, जिन्हें चयन होने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन (चार प्रतियों में) श्री राम भगत कुशवाहा, अवर सचिव (आईएसटीएम अनुभाग), प्रशिक्षण प्रभाग, ब्लॉक-IV, तृतीय तल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (पुराना) परिसर, नई दिल्ली-110067 को इंप्लॉयमेंट न्यूज़/ *रोजगार समाचार* में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भिजवा दिए जाएं।

4. केवल उन्हीं अधिकारियों/आवेदनकर्ताओं के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जिनके आवेदन उचित माध्यम द्वारा प्रेषित किए जाएंगे और जिनके साथ विवरणों से युक्त रिक्ति परिपत्र के (i) अनुलग्नक-II (क), (ख) में दिए गए प्रोफॉर्मा में जीवनवृत्त (बायोडाटा) (चार प्रतियों में) (ii) संवर्ग अनापत्ति (iii) सतर्कता अनापत्ति और (iv) पाँच वर्षों के सत्यापित वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) भेजे जाएंगे।

5. ऐसे आवेदन जो अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त हुए हों अथवा जिनके साथ निर्धारित दस्तावेज नहीं होंगे अथवा जो अन्यथा अपूर्ण पाए जाएंगे या निर्धारित प्रोफॉर्मा में नहीं होंगे, को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6. आवेदन अग्रेषित करने से पूर्व, सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह अवश्य सत्यापित कर लिया जाए कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना उसके सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित कर ली गई हैं और उन्हें सही पाया गया है तथा आवेदन पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर कर दिए गए हैं एवं कार्यालय की मुहर लगा दी गई है। इस बात की भी पुष्टि कर ली जाए कि नियुक्ति के लिए चुने जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारी को उसके कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

7. कृपया आपके संगठन के विभिन्न एककों में इस परिपत्र का व्यापक परिचालन किया जाए।

भवदीया,

संलग्नकः अनुलग्नक I (क), (ख)
अनुलग्नक II (क), (ख)

शेफाली सराफ

(शेफाली सराफ)
अवर सचिव (स्थापना)
दूरभाष संख्या: 26737614

प्रतिः

1. श्री राम भगत कुशवाहा, अवर सचिव (आईएसटीएम अनुभाग), प्रशिक्षण प्रभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, ब्लॉक-IV, तृतीय तल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (पुराना) परिसर, नई दिल्ली-110067
2. एनआईसी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग/सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान को इस अनुरोध के साथ कि इसे कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग एवं सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।
3. अवर सचिव (सी.एस.I) [कृपया ध्यानार्थः श्री सुनील कुमार], लोक नायक भवन, खान मार्केट, दिल्ली-110003- कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर रिक्ति परिपत्र प्रकाशित करने के अनुरोध के साथ।

अनुलग्नक-I (क)

पात्रता, अर्हताएं और अनुभव

1.	पदनाम	संयुक्त निदेशक (परिभ्रामी प्रशिक्षण)
2.	पदों की संख्या	01 (एक) (प्रत्याशित)
3.	जिस तिथि से रिक्त है	17.03.2027
4.	वर्गीकरण	सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय
5.	वेतन बैंड	वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-12 (₹78800/- से ₹209200/-)
6.	प्रशिक्षण भत्ता	समय-समय पर भारत सरकार द्वारा मूल वेतन पर यथानिर्धारित दर (वर्तमान में 12 प्रतिशत की दर से) के अनुसार।
7.	प्रतिनियुक्ति की अवधि	केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व किसी अन्य संवर्ग-बाह्य धारित पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित वर्तमान प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया चार वर्षों से अधिक नहीं होगी।
8.	पद से जुड़े कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व	(i) केन्द्र/राज्य सरकारों/स्वायत्त निकायों आदि के पर्यवेक्षण एवं प्रचालन स्तर के/की अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित, आयोजित और निर्देशित करना; (ii) प्रशिक्षण सामग्री, मामला अध्ययन, व्यावहारिक अनुभव आदि तैयार करना/का प्रस्तुतिकरण; और (iii) प्रशासन और प्रशिक्षण से संबंधित मामलों में संस्थान के निदेशक की सहायता करना।
9.	वेतन एवं भत्ते	नियुक्ति पर अधिकारी या तो "प्रतिनियुक्त पद का वेतन" अथवा उसके "मूल विभाग/संवर्ग में प्राप्त मूल वेतन" और समय-समय पर भारत सरकार द्वारा मूल वेतन पर निर्धारित किए गए दर के अनुसार "उस पर प्रशिक्षण भत्ता" प्राप्त करने के/की हकदार होंगे/होंगी। (वर्तमान में प्रशिक्षण भत्ता 12% है।)
10.	पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं, अनुभव एवं पात्रता	प्रतिनियुक्ति द्वारा (क) केन्द्र सरकार के अधीन ऐसे/ऐसी अधिकारी:- (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए/हुई हैं; अथवा (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-11 (₹67700/- से ₹208700/-) अथवा समतुल्य वेतनमान संबंधी पदों में नियुक्ति के पश्चात नियमित आधार पर उस ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा की है; और (ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते/रखती हों, अर्थात:- अनिवार्य: (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से स्नातक की उपाधि; और

(ii) भारत सरकार के अनुसचिवीय पदों पर प्रशासनिक अथवा स्थापना अथवा वित्तीय मामलों को संभालने में पांच वर्षों का अनुभव।

वांछनीय:

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से लोक प्रशासन अथवा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि;

(ii) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा प्रमाणित मास्टर प्रशिक्षक या मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक अथवा प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम (टीडीपी) में प्रत्यक्ष प्रशिक्षक कौशल (डीटीएस) या प्रशिक्षण की रूपरेखा (डीओटी) में प्रशिक्षित;

(iii) निम्नलिखित में से किन्हीं एक या एकाधिक क्षेत्रों में अनुभव, अर्थात -

(क) प्रशिक्षण से जुड़े मामलों को संभालने में एक वर्ष का अनुभव;

अथवा

(ख) एकीकृत वित्तीय प्रभाग अथवा प्रशासनिक सतर्कता में वेतन लेवल 10 (₹56100/- से ₹177500/-) या उससे ऊपर के लेवल में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव; या

(ग) ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूलों या अनुदेश की रूपरेखा या पाठ्यक्रम की रूपरेखा को विकसित करने में एक वर्ष का अनुभव।

11. आयु

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक आयु छप्पन (56) से अधिक न हो।

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान में संयुक्त निदेशक (परिभ्रामी प्रशिक्षण) के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

जीवनवृत्त/शैक्षिक अभिलेख प्रोफॉर्मा

1. नाम एवं पता (स्पष्ट अक्षरों में)	
2. जन्म तिथि (ईसवी सन्)	
3. (i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
(ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमाधीन सेवानिवृत्ति की तिथि	
4. शैक्षिक अर्हताएं	
5. क्या आप पद हेतु अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण करते/करती हैं? (यदि किसी अर्हता को नियमों के अनुसार निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो उसके प्राधिकार का उल्लेख करें।)	

विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव	अधिकारी द्वारा धारित किए जाने वाली अर्हताएं/अनुभव
अनिवार्य	अनिवार्य
क) अर्हता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से स्नातक की उपाधि;	(क) अर्हता
ख) अनुभव: भारत सरकार के अनुसचिवीय पदों पर प्रशासनिक अथवा स्थापना अथवा वित्तीय मामलों को संभालने में पांच वर्षों का अनुभव।	(ख) अनुभव
वांछनीय	वांछनीय
क) (i) अर्हता: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से लोक प्रशासन अथवा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि; (ii) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा प्रमाणित मास्टर प्रशिक्षक या मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक अथवा प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम (टीडीपी) में प्रत्यक्ष प्रशिक्षक कौशल (डीटीएस) या प्रशिक्षण की रूपरेखा (डीओटी) में प्रशिक्षित;	(क) अर्हता
अनुभव:- (i) प्रशिक्षण से जुड़े मामलों को संभालने में एक वर्ष का अनुभव; अथवा	(ख) अनुभव

(ii) एकीकृत वित्तीय प्रभाग अथवा प्रशासनिक सतर्कता में वेतन लेवल 10 (₹56100/- से ₹177500/-) या उससे ऊपर के लेवल में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव; या (iii) ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूलों या अनुदेश की रूपरेखा या पाठ्यक्रम की रूपरेखा को को विकसित करने में एक वर्ष का अनुभव।	

5.1 नोट: प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में उल्लिखित अनिवार्य एवं वांछनीय अर्हताओं को इंगित करने के लिए परिपत्र के जारी होने तथा रोजगार समाचार में विज्ञापन के जारी होने के समय इस कॉलम को बढ़ाया जाना चाहिए।

5.2 स्नातक और स्नातकोत्तर अर्हताओं के विषय में आवेदनकर्ता द्वारा वैकल्पिक/मुख्य विषयों एवं सहायक विषयों को इंगित किया जाए।

6. कृपया स्पष्ट रूप से लिखें कि क्या आपके द्वारा ऊपर के कॉलमों में दर्ज की गई प्रविष्टियों के अनुसार, आप पद हेतु अपेक्षित वांछनीय अर्हताएं पूर्ण एवं कार्य अनुभव धारण करते/करती हैं।	

6.1 नोट: आदाता विभाग द्वारा आवेदित पद के संदर्भ में आवेदनकर्ता द्वारा धारित (जैसा कि जीवन वृत्त में दर्शाया गया है) संगत वांछनीय अर्हता/ कार्य अनुभव की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार प्रदान किया जाना होगा।

7. रोजगार का क्रमवार विवरण दें। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित कर एक अलग शीट संलग्न करें।

कार्यालय/संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	*वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन/वेतनमान	आवेदित पद के लिए अपेक्षित धारित अनुभव को उजागर करते हुए कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तारपूर्वक)

* महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के तहत स्वीकृत वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन अधिकारी के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़े होते हैं, अतः इनका उल्लेख न किया जाए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन

बैंड तथा ग्रेड वेतन/वेतनमान का ही उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी जहां आवेदनकर्ता द्वारा ऐसे लाभ आहरित किए गए हों, का ब्यौरा नीचे दिया जाए;

कार्यालय/संस्थान	एसीपी/एमएसीपी योजना के अधीन आहरित वेतन, वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन	से	तक

8. वर्तमान रोजगार का स्वरूप, अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा अर्द्ध-स्थायी अथवा स्थायी आधार पर	
9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है तो कृपया स्पष्ट करें-	

क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि	ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि	ग) आवेदनकर्ता के मूल कार्यालय/संगठन का नाम	घ) मूल संगठन में मौलिक क्षमता पर धारित पद का नाम और वेतन

9.1 नोटः यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर है, तो ऐसे/ऐसी अधिकारियों के आवेदन उनके मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति तथा सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र सहित अग्रेषित किए जाएं। 9.2 नोटः कॉलम 9 (ग) और (घ) के तहत सभी मामलों में सूचना दी जाए जहां एक व्यक्ति ने संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारित किया हो परंतु अपने मूल संवर्ग/संगठन में अभी भी लियन धारित कर रखा हो।	

10. यदि आवेदनकर्ता द्वारा विगत में कोई पद प्रतिनियुक्ति पर धारित किया गया हो तो, पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि एवं अन्य विवरण।	
11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण: कृपया बताएं कि आप निम्नलिखित में किसके अधीन कार्यरत हैं (संगत कॉलम के समक्ष अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें) क) केन्द्र सरकार ख) राज्य सरकार ग) स्वायत्त संगठन घ) सरकारी उपक्रम ड.) विश्वविद्यालय च) अन्य	
12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्य कर रहे/रही हैं तथा फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर ग्रेड के लिए फीडर हैं।	
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन की तिथि लिखें तथा संशोधन से पूर्व के वेतनमान का भी उल्लेख करें।	

14. इस समय प्राप्त प्रतिमाह कुल परिलब्धियां

वेतन बैंड के अनुसार मूल वेतन/वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां

15. यदि आवेदनकर्ता एक ऐसे संगठन से है जो, केन्द्रीय सरकार के वेतनमानों का पालन नहीं कर रहा/रही है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची जिसमें निम्नलिखित विवरण दिए गए हों, को संलग्न करें:

वेतनमान सहित मूल वेतन तथा वेतनवृद्धि की दर	मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि, (ब्रेक-अप ब्यौरे के साथ)	कुल परिलब्धियां

16. क. आवेदित पद संबंधी उपयुक्त अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें।	

(इसमें अन्य बातों के साथ-साथ (i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हता (ii) पेशेवर प्रशिक्षण तथा (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य-अनुभव से अधिक अनुभव होने की सूचना दी जा सकती है) (नोटः अपर्याप्त स्थान होने की स्थिति में अलग शीट संलग्न करें)	
16. ख. उपलब्धियांः आवेदनकर्ता से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संदर्भ में सूचना इंगित करेः (i) अनुसंधान प्रकाशन तथा रिपोर्टें और विशेष परियोजनाएं (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा (iii) पेशेवर निकायों/ संस्थानों/ सोसाइटियों के साथ संबद्ध तथा; (iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत अथवा संगठन के लिए अर्जित पेटेन्ट (v) कोई अनुसंधान/अभिनव उपाय जिसको कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान की गई है (vi) कोई अन्य सूचना (नोटः अपर्याप्त स्थान होने की स्थिति में अलग शीट संलग्न करें)	
17. कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन/पुनर्नियोजन आधार के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं। # (केन्द्र/राज्य सरकारों के/की अधिकारी केवल ''आमेलन'' के/की पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के/की अभ्यर्थी केवल अल्पकालिक संविदा के/की पात्र हैं।)	
# ('एसटीसी'/'आमेलन'/'पुनर्नियोजन' का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है जब रिक्ति परिपत्र में इसका विशेष रूप से उल्लेख किया गया हो कि भर्ती ''एसटीसी'' अथवा ''आमेलन'' अथवा ''पुनर्नियोजन'' आधार पर है।)	
18. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के/की हैं?	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लिया है तथा मुझे इसकी स्पष्ट जानकारी है कि अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव से संबंधित शैक्षिक अभिलेख में दी गई सूचना के विधिवत समर्थन में मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का चयन समिति द्वारा पद पर चयन करने के समय भी मूल्यांकन

किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई सूचना/दिए गए ब्यौरे मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सटीक एवं सही हैं तथा किसी भी तथ्यात्मक सामग्री जिसका मेरे चयन पर प्रभाव पड़ता हो, को दबाया/रोका नहीं गया है।

(आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर)

पता_____

तिथि_____

ई - मेल आईडी_____

संपर्क संख्या_____

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

अभिलेखों (रिकॉर्ड) में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आवेदनकर्ता द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई सूचना/ब्यौरा सटीक तथा सही हैं। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते/रखती हैं। यदि उनका चयन होता है तो उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

(i) श्री/श्रीमती/सुश्री_____के संबंध में कोई सतर्कता अथवा अनुशासनिक मामला लम्बित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

(iii) उनकी गोपनीय रिपोर्ट डोज़ियर मूल रूप में संलग्न है/भारत सरकार में अवर सचिव अथवा उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटोप्रतियां संलग्न हैं।

(iv) उन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा उन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामला हो।)

प्रतिहस्ताक्षर

_____

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी के मुहर सहित)

अनुलग्नक- I (ख)

1.	पदनाम	: उप निदेशक (अर्थशास्त्र एवं नियोजन)
2.	पदों की संख्या	: 01 (एक)
3.	जिस तिथि से पद रिक्त है	: 01.05.2020
4.	वर्गीकरण	: सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय
5.	वेतन बैंड	: वेतन मैट्रिक्स में लेवल-11 (₹67700/- से ₹208700/-)
6.	प्रशिक्षण भत्ता	: भारत सरकार द्वारा समय-समय पर मूल वेतन संबंधी यथानिर्धारित दर (वर्तमान में 12 प्रतिशत की दर से) के अनुसार।
7.	प्रतिनियुक्ति की अवधि	: केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पूर्व किसी अन्य संवर्ग-बाह्य धारित पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित वर्तमान प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया चार वर्षों से अधिक नहीं होगी।
8.	पद से जुड़े कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व	: (i) केन्द्र/राज्य सरकारों/स्वायत्त निकायों आदि के पर्यवेक्षण एवं प्रचालन स्तर के/ की अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित, आयोजित और निर्देशित करना; (ii) प्रशिक्षण सामग्री, मामला अध्ययन, व्यावहारिक अनुभव आदि तैयार करना/का प्रस्तुतीकरण; और (iii) प्रशासनिक कार्यों एवं प्रशिक्षण मामलों में संस्थान के निदेशक की सहायता करना।
9.	वेतन एवं भत्ते	नियुक्ति पर अधिकारी या तो "प्रतिनियुक्त पद का वेतन" अथवा उसके "मूल विभाग/संवर्ग में प्राप्त मूल वेतन" और समय-समय पर भारत सरकार द्वारा मूल वेतन पर निर्धारित किए गए दर के अनुसार "उस पर प्रशिक्षण भत्ता" प्राप्त करने के/की हकदार होंगे/होंगी। (वर्तमान में प्रशिक्षण भत्ता 12% है।)
10.	पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं, अनुभव और पात्रता	प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) द्वारा केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों अथवा विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत संगठनों अथवा सांविधिक संगठनों के ऐसे/ऐसी अधिकारी- (क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए/हुई हैं; अथवा (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-10 अथवा समतुल्य वेतनमान में नियुक्ति के

पश्चात नियमित आधार पर उस ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा की है; और

(ख) जो निम्नलिखित शैक्षिक अहर्ताएं और अनुभव रखते/रखती हों:

अनिवार्य:

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से एक विषय के रूप में अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि; और

(ii) (नियोजन और वित्तीय प्रबंधन सहित) आर्थिक नीति के क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव और केंद्रीय रूप से प्रायोजित अथवा क्षेत्रक योजनाओं से संबंधित कार्य संभालने में दो वर्षों का अनुभव।

वांछनीय:

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से अर्थशास्त्र या कार्य प्रशासन (वित्त) में स्नातकोत्तर उपाधि;

(ii) आर्थिक नीति, वित्तीय प्रबंधन अथवा नियोजन में अध्यापन अथवा प्रशिक्षण देने का दो वर्षों का अनुभव।

(iii) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा प्रमाणित मास्टर प्रशिक्षक या मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक अथवा प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम (टीडीपी) में प्रत्यक्ष प्रशिक्षक कौशल (डीटीएस) या प्रशिक्षण की रूपरेखा (डीओटी) में प्रशिक्षित;

(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं एक या एकाधिक क्षेत्रों में अनुभव:-

(क) प्रशिक्षण से जुड़े मामलों को संभालने में एक वर्ष का अनुभव;

(ख) प्रशासनिक अथवा स्थापना अथवा वित्तीय मामलों को संभालने में वेतन लेवल 10 या उससे ऊपर के लेवल में कार्य करने का दो वर्षों का अनुभव।

(ग) एकीकृत वित्त प्रभाग अथवा प्रशासनिक सतर्कता में वेतन लेवल 10 या उससे ऊपर के लेवल में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव; या

(घ) ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूलों या अनुदेश की रूपरेखा या पाठ्यक्रम की रूपरेखा को विकसित करने में एक वर्ष का अनुभव।

11. आयु

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक आयु छप्पन (56) से अधिक न हो।

अनुलग्नक-II (ख)

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (स.प्र.प्र.सं.) में उप निदेशक (अर्थशास्त्र एवं नियोजन) के पद हेतु आवेदन प्रपत्र

जीवनवृत/शैक्षिक अभिलेख प्रोफॉर्मा

1. नाम एवं पता (स्पष्ट अक्षरों में)	
2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में)	
3. (i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
(ii) केंद्र/राज्य सरकार के नियमाधीन सेवानिवृत्ति की तिथि	
4. शैक्षिक अर्हताएं	
5. क्या आप पद हेतु अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण करते/करती हैं? (यदि किसी अर्हता को नियमों के अनुसार निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो उसके प्राधिकार का उल्लेख करें।)	
विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में यथा उल्लिखित अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव	अधिकारी द्वारा धारित की जाने वाली अर्हताएं/अनुभव
(क) (i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए/हुई हैं; अथवा (ii) जिन्होंने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल-10 अथवा समतुल्य वेतनमान में नियुक्ति के पश्चात नियमित आधार पर उस ग्रेड में पांच वर्षों की सेवा की है; और	
अनिवार्य	अनिवार्य
(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से एक विषय के रूप में अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि; और	
(ii) (नियोजन और वित्तीय प्रबंधन सहित) आर्थिक नीति के क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव और केंद्रीय रूप से प्रयोजित अथवा क्षेत्रक योजनाओं से संबंधित कार्य संभालने में दो वर्षों का अनुभव।	
वांछनीय	वांछनीय

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से अर्थशास्त्र या कार्य प्रशासन (वित्त) में स्नातकोत्तर उपाधि;	
(ii) आर्थिक नीति, वित्तीय प्रबंधन अथवा नियोजन में अध्यापन अथवा प्रशिक्षण देने का दो वर्षों का अनुभव।	
(iii) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा प्रमाणित मास्टर प्रशिक्षक या मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक अथवा प्रशिक्षक विकास कार्यक्रम (टीडीपी) में प्रत्यक्ष प्रशिक्षक कौशल (डीटीएस) या प्रशिक्षण की रूपरेखा (डीओटी) में प्रशिक्षित;	
(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं एक या एकाधिक क्षेत्रों में अनुभव:- (क) प्रशिक्षण से जुड़े मामलों को संभालने में एक वर्ष का अनुभव; (ख) प्रशासनिक अथवा स्थापना अथवा वित्तीय मामलों को संभालने में वेतन लेवल 10 या उससे ऊपर के लेवल में कार्य करने का दो वर्षों का अनुभव। (ग) एकीकृत वित्त प्रभाग अथवा प्रशासनिक सतर्कता में वेतन लेवल 10 या उससे ऊपर के लेवल में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव; या (घ) ऑनलाइन प्रशिक्षण मॉड्यूलों या अनुदेश की रूपरेखा या पाठ्यक्रम की रूपरेखा को विकसित करने में एक वर्ष का अनुभव।	
5.1 नोट: परिपत्र के जारी होने तथा रोजगार समाचार में विज्ञापन के जारी होने के समय प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा भर्ती नियमों में यथा उल्लिखित अनिवार्य एवं वांछनीय अर्हताओं को इंगित करने के लिए इस कॉलम में अतिरिक्त विवरण दिया जाना अपेक्षित है। 5.2 स्नातक और स्नातकोत्तर अर्हताओं के विषय में आवेदनकर्ता द्वारा वैकल्पिक/मुख्य विषयों एवं सहायक विषयों को इंगित किया जाए।	
6. कृपया स्पष्ट रूप से लिखें कि क्या आपके द्वारा ऊपर के कॉलमों में दर्ज की गई प्रविष्टियों के अनुसार, आप पद हेतु अपेक्षित आवश्यक अर्हताएं एवं कार्य अनुभव पूर्ण करते/करती हैं।	
6.1 नोट: आदाता विभाग द्वारा आवेदित पद के संदर्भ में आवेदनकर्ता द्वारा धारित (जैसा कि जीवनवृत्त में दर्शाया गया है) संगत आवश्यक अर्हता/ कार्य अनुभव की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार प्रदान किया जाना होगा।	

7. रोजगार का कालक्रमबद्ध विवरण दें। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित कर एक अलग शीट संलग्न करें।

कार्यालय/संस्थान	नियमित आधार पर धारित पद	से	तक	*वेतन मैट्रिक्स के अंतर्गत लेवल नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन/वेतनमान	आवेदित पद के लिए अपेक्षित धारित अनुभव का उल्लेख करते हुए कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तारपूर्वक)

* महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के तहत स्वीकृत वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन अधिकारी के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़े होते हैं, अतः इनका उल्लेख न किया जाए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन/वेतनमान का ही उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी जहां आवेदनकर्ता द्वारा ऐसे लाभ आहरित किए गए हों, का ब्यौरा नीचे दिया जाए:

कार्यालय/संस्थान	एसीपी/एमएसीपी स्कीम के अधीन आहरित वेतन, वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन	से	तक

8. वर्तमान रोजगार का स्वरूप, अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी या अर्द्ध-स्थायी अथवा स्थायी आधार पर	
9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है तो कृपया स्पष्ट करें-	

क) आरंभिक नियुक्ति की तिथि	ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि	ग) आवेदनकर्ता के मूल कार्यालय/संगठन का नाम	घ) मूल संगठन में मौलिक क्षमता पर धारित पद का नाम और वेतन

9.1 नोटः यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं, तो ऐसे/ऐसी अधिकारियों के आवेदन उनके मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति तथा सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र सहित अग्रेषित किए जाएं। 9.2 नोटः कॉलम 9 (ग) एवं (घ) के तहत सूचना सभी मामलों में दी जाए जहां आवेदनकर्ता ने संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारित किया हो परंतु अपने मूल संवर्ग/संगठन में अभी भी लियन धारित कर रखा/रखी हो।	
10. यदि आवेदनकर्ता द्वारा विगत में कोई पद प्रतिनियुक्ति पर धारित किया गया हो, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि एवं अन्य विवरण।	
11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरणः कृपया बताएं कि आप निम्नलिखित में किसके अधीन कार्यरत हैं (संगत कॉलम के समक्ष अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें) i. केन्द्र सरकार ii. राज्य सरकार iii. स्वायत्त संगठन iv. सरकारी उपक्रम v. विश्वविद्यालय vi. अन्य	
12. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में कार्य कर रहे/रही हैं तथा फीडर ग्रेड में हैं अथवा फीडर ग्रेड के लिए फीडर हैं।	
13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन की तिथि लिखें तथा संशोधन से पूर्व के वेतनमान का भी उल्लेख करें।	

14. वर्तमान में प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां

वेतन मैट्रिक्स में वेतन बैंड/लेवल में मूल वेतन	ग्रेड वेतन	कुल परिलब्धियां

15. यदि आवेदनकर्ता एक ऐसे संगठन से है, जो केन्द्रीय सरकार के वेतनमानों का पालन नहीं कर रहा है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाएं गए हों, को संलग्न करेः		
वेतनमान सहित मूल वेतन तथा वेतनवृद्धि की दर	मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (ब्रेक-अप ब्यौरे के साथ)	कुल परिलब्धियां

16. क. आवेदित पद संबंधी उपयुक्त अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसका आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें। (इसमें अन्य बातों के साथ-साथ (i) अतिरिक्त शैक्षिक अर्हताएं (ii) पेशेवर प्रशिक्षण तथा (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य-अनुभव से अतिरिक्त अनुभव होने के संबंध में भी सूचना दी जा सकती है) (नोटः अपर्याप्त स्थान होने की स्थिति में अलग शीट संलग्न करें)	
16. ख. उपलब्धियांः आवेदनकर्ता से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संदर्भ में सूचना प्रदान करें: (i) अनुसंधान प्रकाशन तथा रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएं (ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा (iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/सोसाइटियों से संबद्ध तथा; (iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत अथवा संगठन के लिए अर्जित पेटेन्ट (v) कोई अनुसंधान/अभिनव उपाय जिसको कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान की गई है (vi) कोई अन्य सूचना (नोटः अपर्याप्त स्थान होने की स्थिति में अलग शीट संलग्न करें)	
17. कृपया उल्लेख करें कि क्या आप प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे/रही हैं या अल्पावधि की संविदा के लिए।	
18. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के/की हैं?	

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लिया है तथा मुझे इसकी स्पष्ट जानकारी है कि अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव से संबंधित शैक्षिक अभिलेख में दी गई सूचना के विधिवत

समर्थन में मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का चयन समिति द्वारा पद पर चयन करने के समय भी मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई सूचना/ब्यौरा मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सटीक एवं सही हैं तथा ऐसी किसी भी तथ्यात्मक सामग्री जिसका मेरे चयन पर प्रभाव पड़ता हो, को दबाया/रोका नहीं गया है।

(आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर)

पता_____

तिथि_____

ई-मेल आईडी_____

संपर्क संख्या_____

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन

अभिलेखों (रिकॉर्ड) में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार आवेदनकर्ता द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गई सूचना/ब्यौरा सटीक तथा सही हैं। वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव रखते/रखती हैं। यदि उनका चयन होता है तो उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

3. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

(i) श्री/श्रीमती/सुश्री_____के संबंध में कोई सतर्कता अथवा अनुशासनिक मामला लम्बित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है।

(iii) उनकी गोपनीय रिपोर्ट डोज़ियर मूल रूप में संलग्न है/भारत सरकार में अवर सचिव अथवा उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटोप्रतियां संलग्न हैं।

(iv) उन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है अथवा उन पर पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति की सूची संलग्न है। (जैसा भी मामला हो।)

प्रतिहस्ताक्षर

_____

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी के मुहर सहित)

Continued from page 14

5. Superintendents (Services-I/II/III ACP cell & Coordination branch, Delhi Secretariat, Govt. of N.C.T. of Delhi

6. Superintendent (Coordination), Delhi Secretariat to upload on the website of

EN 30/19

(Harleen Kaur)
Spl. Secretary (Services)

File No. A-35020/4/2023-ESTABLISHMENT (C. No. 3840)

भारत सरकार /Government of India

सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान

Institute of Secretariat Training & Management

(एक आईएसओ 9001:2015 संस्था / An ISO 9001:2015 Institution)

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/ Department of Personnel & Training

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय/ Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions

Filling up of various faculty posts on deputation basis in Institute of Secretariat Training & Management, New Delhi - reg.

Applications are invited for filling up the following faculty posts on deputation basis in ISTM. Details of the posts are as under:-

S. No.	Name of the Post	Number of vacancy	Pay Level in the Pay Matrix	Eligible Category
(i)	**Joint Director (Peripatetic Training)**	01	Level-12 in the pay matrix (Rs. 78800- 209200)	Officers under the Central Government
(ii)	**Deputy Director (Economics and Planning)**	01	Level-11 in the pay matrix (Rs. 67700- 208700)	Officers under the Central Government or State Governments or Union Territory Administrations or Universities or recognised research institutes or public sector undertakings or autonomous or statutory organisations

2. The officer on appointment will be entitled to draw either "the pay of deputation post" or his/her "basic pay drawn in his parent Department/ Cadre plus training allowance thereon" at such rate on basic pay as determined by Government of India from time to time (at present training allowance is 12%).

3. Details of eligibility conditions and the prescribed proforma in which applications should be sent may be downloaded from the ISTM website: **https://www.istm.gov.in/home/other circular.**

4. Applications of only such officers/candidates will be considered which are routed through proper channel and are accompanied with (i) Bio-data (in quadruplicate) in the proforma format as given in **Annexure-II (A), (B)** of the detailed Vacancy Circular, (ii) Cadre Clearance, (iii) Vigilance Clearance and (iv) Five years attested APAR.

